भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1693

सोमवार, 13 फरवरी, 2023/24 माघ, 1944 (शक)

ईपीएफओ में शामिल होने वाले लोग

1693. श्री जय प्रकाश:
श्री एंटो एन्टोनी:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पिछले कुछ महीनों के दौरान कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में शामिल होने वाले व्यक्तियों की संख्या में अत्याधिक वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास देश में कार्यरत भविष्य निधि कार्यालयों की संख्या के संबंध में कोई आंकड़े हैं;

(ग) यदि हां, तो देश में कार्यशील कार्यालयों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार को पथनमथिट्टा में भविष्य निधि कार्यालय खोलने के संबंध में कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क): कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) सितंबर, 2017 से अपना मासिक पे रोल डेटा प्रकाशित कर रहा है, जिसमें आधार मान्य सार्वभौमिक खाता संख्या (यूएएन) के माध्यम से पहली बार शामिल होने वाले नए अंशदाताओं की संख्या, पूर्व में बाहर हुए परंतु फिर से अंशदाता के रूप में शामिल होने वाले मौजूदा अंशदाताओं का नेट पे रोल पर पहुंचने के लिए ध्यान रखा जाता है। 20 जनवरी, 2023 को प्रकाशित नवीनतम पे रोल के अनुसार, अर्थात वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए वेतन माह नवंबर, 2022 तक मासिक निवल पे रोल डेटा का विवरण निम्नानुसार है-

मजदूरी माह	निवल पे रोल
अप्रैल, 2022	12,49,510
मई, 2022	11,40,523
जून, 2022	13,27,207
जुलाई, 2022	14,23,524
अगस्त, 2022	13,02,719
सितंबर, 2022	13,58,948
अक्टूबर, 2022	11,14,250
नवंबर, 2022	16,25,711

(ख) और (ग): देश में कार्यशील ईपीएफओ के विभिन्न कार्यालयों का राज्य/संघ राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(घ): जी, नहीं।

(ङ): प्रश्न नहीं उठता।

* ******

अनुबंध

'ईपीएफओ में शामिल होने वाले लोग' के संबंध में माननीय सांसद श्री जय प्रकाश और श्री एंटो एन्टोनी द्वारा दिनांक 13.02.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1693 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

देश में कार्यशील ईपीएफओ के कार्यालयों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या						
क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**अंचल कार्यालय**	**क्षेत्रीय कार्यालय**	**जिला कार्यालय**	**विशेष राज्य कार्यालय**	**सर्विस सेंटर**
1	अंडमान और. निकोबार द्वीप समूह	0	1	0	0	0
2	आंध्र प्रदेश	1	4	11	0	0
3	अरुणाचल प्रदेश	0	0	0	1	0
4	असम	1	2	4	0	0
5	बिहार	1	3	5	0	0
6	चंडीगढ़	1	1	0	0	0
7	छत्तीसगढ	0	1	1	0	0
8	दिल्ली	1	5	0	0	0
9	गोवा	0	1	0	0	1
10	गुजरात	1	8	8	0	0
11	हरियाणा	1	5	5	0	0
12	हिमाचल प्रदेश	0	1	4	0	0
13	जम्मू और कश्मीर	0	2	0	0	0
14	झारखंड	0	2	7	0	0
15	कर्नाटक	2	18	10	0	0
16	केरल	1	6	5	0	0
17	लद्दाख	0	1	0	0	0
18	मध्य प्रदेश	1	6	6	0	0
19	महाराष्ट्र	3	17	4	0	0
20	मणिपुर	0	0	0	1	0
21	मेघालय	0	1	0	0	0
22	मिजोरम	0	0	0	1	0
23	नागालैंड	0	0	0	1	0
24	ओडिशा	1	4	5	0	0
25	पंजाब	0	4	7	0	0
26	पुदुचेरी	0	1	0	0	0
27	राजस्थान	1	5	7	0	0
28	सिक्किम	0	0	0	1	0
29	तमिलनाडु	2	11	13	0	0
30	तेलंगाना	1	8	2	0	1
31	त्रिपुरा	0	1	1	0	0
32	उत्तर प्रदेश	1	9	4	0	1
33	उत्तराखंड	0	2	0	0	1
34	पश्चिम बंगाल	1	9	4	0	0
	कुल	**21**	**139**	**113**	**5**	**4**

******